सिटी बाइट्स

बीके स्टील ने निकाला योग जागरुकता रथ

गम्हरिया. योग के प्रति लोगों को जागरूक करने व स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीके स्टील इंडस्ट्रीज लि गम्हरिया ने विशेष योग जागरूकता अभियान की आरंभ किया. इसके तहत कंपनी परिसर से एक योग जागरूकता मोबाइल वाहन को रवाना किया गया, जो आसपास के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को योग के प्रति प्रेरित करेगा. कार्यक्रम के दौरान कंपनी प्रबंधन द्वारा तैयार किये गये योग जागरूकता मोबाइल वाहन को एवीपी विशाल विलासराव यादव ने फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. पहला दिन वरिष्ठ कर्मी कन्हैया उपाध्याय ने ग्रामीणों को योगाभ्यास कराया. कार्यक्रम में कंपनी के आर पाटिल, दीपक रंजन, लक्ष्मण झा आदि शामिल थे.

स्वास्थ्य शिविर में 70 पुलिसकर्मियों की नेत्र जांच

आदित्यपुर. झारखंड वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ आदित्यपुर ने मंगलवार को आदित्यपुर थाना प्रभारी अंजनी कुमार के आग्रह पर एएसजी अस्पताल के सहयोग से थाने में नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया. इसमें डॉ फहीम काजमी, डॉ नजीबुल हसन, डॉ हर्ष कुमार व डॉ विपल्व ने 70 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के विजन टेस्ट कर री-फ्रैक्शन एंड मोतियाबिंद के मरीजों को चिह्नित किया गया.

पेयजल समस्या को लेकर नगर आयुक्त से मिलीं पार्षद

गम्हरिया. आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या तीन की पार्षद पिंकी चौधरी नगर आयुक्त एजाज अनवर से मिली. इस दौरान वार्ड संख्या दो व तीन में व्याप्त पेयजल संकट समेत विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया. वहीं नगर आयुक्त ने भी दोनों वार्डों में नियमित एवं सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उपायों समेत अमृत योजना के तहत क्षेत्र में पानी टंकी निर्माण की आवश्यकता एवं उससे होने वाले लाभों पर चर्चा की. प्रतिनिधिमंडल में पार्षद प्रतिनिधि बंकिम चौधरी, शारदा देवी, प्रियंका सिंह आदि शामिल थे.

थाना प्रभारी से मिल समिति ने बतायीं समस्याएं

आदित्यपुर. आदित्यपुर-गम्हरिया विकास समिति का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पूर्व उपाध्यक्ष (नगर परिषद) पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में आदित्यपुर थाना के नये प्रभारी अंजनी कुमार से मिला और उनको पुष्पगुच्छ व शॉल से अभिनंदन किया. इस क्रम में समिति के सदस्यों ने क्षेत्र की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था से जुड़ी प्रमुख समस्याओं की ओर थाना प्रभारी का ध्यान आकर्षित कराया.

जमीन माफिया ने बेच दी नाले की जमीन

आदित्यपुर. जमीन माफिया ने पथ संख्या 11 से निकलकर खरकई नदी की ओर जाने वाले सरकारी नाले के अगल-बगल की जमीन को बेच दी है. इसकी लिखित शिकायत आदित्यपुर नगर निगम के मेयर संजय सरदार व नगर आयुक्त एजाज अनवर से वार्ड संख्या 35 के खिरोद सरदार व संगीता प्रधान ने की. उनसे सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवा कर नाला का निर्माण करवाने की मांग की गयी, अतिक्रमण नहीं हटाने से नाले के निर्माण में काफी परेशानी होगी.

मंडल भाजपा ने श्यामा प्रसाद को दी श्रद्धांजलि

आदित्यपुर. मंगलवार को आदित्यपुर मंडल भाजपा ने सुवर्णरेखा परियोजना के गेस्ट हाउस में शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक व भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया और उन्हें श्रद्धांजलि दी. इसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक चंपई सोरेन थे.

एसआइआर. संयुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त ने लिया प्रशिक्षण का जायजा, दिये निर्देश

कोई भी नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे

गम्हरिया

पुनरीक्षण कार्य को पूरी पारदर्शिता के साथ करें

प्रतिनिधि, गम्हरिया

गम्हरिया प्रखंड सभागार में मंगलवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) कार्यक्रम को लेकर आयोजित प्रशिक्षण में संयुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त सुबोध कुमार शामिल हुए.

उन्होंने बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों से संवाद कर प्रशिक्षण और निर्वाचन तैयारियों की जानकारी ली. इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन आवेदन निस्तारण, एन्यूमरेशन फॉर्म भरने तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े कार्यों की समीक्षा की. प्रशिक्षण के भौतिक निरीक्षण के क्रम में उन्होंने निर्देश दिया कि कोई पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहें तथा पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता व गंभीरता के साथ संपादित किया जाये. इस अवसर पर सहायक निर्वाचन निबंधक पदाधिकारी प्रवीण कुमार समेत बीएलओ, पर्यवेक्षक और अन्य कर्मी उपस्थित थे.

प्रशिक्षण में शामिल संयुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त.

मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने का प्रयास

संयुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग व्यापक स्तर पर कार्य कर रहा है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार राज्य भर में एआइआर कार्यक्रम क्रियान्वयन के लिए बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है.

AMITY UNIVERSITY JHARKHAND

JULY 2026 SESSION
ADMISSIONS OPEN

Ph.D. PROGRAMMES
(Full Time/Part Time)

REGISTRATION OPEN FOR Ph.D. PROGS. IN FOLLOWING AREAS:
- Biotechnology
- Chemistry
- Computer Sc. and Engg.
- Economics
- English
- Information Technology
- Journalism and Mass Communication
- Management
- Mathematics
- Mechanical Engineering
- Physics

Be part of a Research & Innovation driven culture at Amity Group

Scopus H-Index (209) - A reflection of the quality of hi-end research

84 Faculty in the list of top 2% global scientists (Published by researchers of Stanford University)

45+ Ramalingaswami/Ramanujan Fellows at Amity - top young scientists funded by the Govt. to return to India from leading universities abroad

Faculty have filed 2,900+ patents & have been granted 480+ patents

Faculty have developed 5,300+ Case Studies, bought by Harvard, MIT, Oxford, McKinsey, KPMG...

45,000+ Research papers published

500+ Govt. funded research projects being conducted by researchers

300+ Global Universities as Research Partners

Admission form available at **www.amity.edu/phd**
Apply by: **30th June, 2026**

HEC Core Capita Area, Murma, Naya Sarai, Block Negri, Ranchi
Helpline: 72-820-77771/2/3/4/5 | 72-820-77772

भारी वर्षा और वज्रपात से गुल हुई बिजली

पेड़ों की शाखाएं टूट कर बिजली के तार व केबुल पर गिर गये

वरीय संवाददाता, आदित्यपुर

मंगलवार की शाम हुई भारी वर्षा व काफी संख्या में हुए वज्रपात से किसी जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली, लेकिन इससे लगभग पूरे क्षेत्र में बिजली गुल हो गयी. कई जगहों पर पेड़ों की शाखाएं टूट कर बिजली के तार व केबुल पर गिर गये. जेबीवीएनएल के कार्यपालक अभियंता संदीप पासवान ने बताया कि रात साढ़े आठ बजे तक 90 प्रतिशत क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गयी, लेकिन कुलुटांगा, कल्पनापुरी दो, जयप्रकाश उद्यान व कोकाकोला फीडर से विद्युत आपूर्ति सामान्य बनाने का प्रयास जारी था.

जल निकास नहीं होने से हुई परेशानी : भारी वर्षा के बाद जहां जल निकास की सही व्यवस्था नहीं है, वहीं लोगों के लिए वर्षा समस्या बन कर आयी है. निर्मलनगर में नाली का पानी घरों में घुस गया. रेलवे के अंडर पास में जल जमाव से राहगीरों व वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई.

पुलिस ने छह फरार वारंटियों को किया गिरफ्तार

आदित्यपुर. विभिन्न आपराधिक मामलों के गैर जमानतीय फरार वारंटियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान में पुलिस ने आदित्यपुर व आरआइटी थाना क्षेत्र से छह फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया. इसमें शर्मा बस्ती रेलवे लाइन के निकट दीपक मिश्रा फायरिंग का आरोपी इसी बस्ती का सुजीत शर्मा को गिरफ्तार किया गया. फायरिंग के मुख्य आरोपी राहुल पंडित को घटना के दूसरे दिन ही गिरफ्तार कर लिया गया था. इस कांड के अन्य अभियुक्तों विकी नंदी व बिट्टू नंदी के विरुद्ध पुलिस का अनुसंधान अभी जारी है. आरआइटी पुलिस ने पांच गैर जमानतीय वारंटियों को दबोचा. इनमें बंतानगर का विशाल कालिंदी, रायडीह का सिंटु कुमार व रितिक कुमार, पथ संख्या 13 का निदेश कुमार व ईच्छापुर का सोहन साहु शामिल है.

योजनाओं का शिलान्यास

गम्हरिया. गम्हरिया प्रखंड की जयकान एवं नवागढ़ पंचायत में करीब 9.50 लाख रुपये की लागत से बनने वाली विकास योजनाओं का जिला परिषद सदस्य स्नेहारानी महतो ने शिलान्यास किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीणों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को गति दी जा रही है. उन्होंने बताया कि योजनाओं में जयकान तालाब में स्नान घाट एवं चेंजिंग रूम का निर्माण तथा उज्ज्वलपुर में लैंपस से जाहेरथान तक लगभग 400 फीट नाली निर्माण कार्य शामिल है. मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे.

चक्रधरपुर मंडल में सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति

अधिसूचना संख्या: एसईआर/पी-सीकेपी/ईपी/री-इंगेजमेंट/एस एंड टी/2026 तारीख: 22.06.2026

चक्रधरपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे ने 1 वर्ष के लिए या 65 वर्ष की उम्र पूरी होने तक या आरआरबी/आरआरसी के लिए नियमित उम्मीदवार के कार्यभार सँभालने तक (जो भी पहले हो) मासिक पारिश्रमिक के आधार पर चक्रधरपुर मंडल के संकेत और दूरसंचार विभाग में लेवल 8 में एसएसई/टेली के 01 पद, लेवल-6 में जेई/सिग. के 01 पद, लेवल-2,4,5,6 में टेक/सिग. के 02 पद, लेवल-2,4,5,6 में टेक/टेली के 01 पद, लेवल-1 में हेल्पर/सिग. के 02 पद तथा लेवल-1 में हेल्पर/टेली के 01 पद के लिए सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति के लिए सम संख्या की अधिसूचना दिनांक 22.06.2026 जारी की है। दिनांक 22.06.2026 को अधिकतम उम्र 65 साल होनी चाहिए। आवेदन ऑफलाइन या ऑनलाइन पद्धति में आमंत्रित किये जाते हैं। ज़्यादा जानकारी के लिए वेबसाइट **https://ser.indianrailways.gov.in** देखें। ऑफ़लाइन आवेदन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/डीआरएम कार्यालय, चक्रधरपुर, झारखंड-833102 के पास भेजा जाना चाहिए या अंतिम तारीख 21.07.2026 तक या उससे पहले **recttckp122@gmail.com** पर ऑनलाइन भेजा जा सकता है।

(PR-373) **वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/चक्रधरपुर**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

प्रभात खबर क्लासिफाइड
जरुरत आपकी, माध्यम हमारा
आवश्यकता

ज्योतिष ASTROLOGY

Astrologer Dr. Niranjan Mahanta - Spl. Marriage, Prediction, Gives Period, Direction, Appearance, Other Details. Contact with Birth-dates, Dimna Road, Adityapur. 9939894996.
C-25941(JSR)

आवश्यकता WANTED

24 x7 सिक्युरिटी को आदित्यपुर, गम्हरिया, बिष्टुपुर, मानगो, टेल्को, जमशेदपुर के लिए अनुभवी सुरक्षागार्ड - 1, सुपरवाइजर की आवश्यकता है. संपर्क नं. आदित्यपुर + गम्हरिया 7004890934, मानगो - 8677944448, बिष्टुपुर- 8910713712, टेल्को- 8797164200, 7360061003
C-26308(JSR)

REQUIREMENT
- ASS. MANAGER (Female) : (Good knowledge - Excel, Mail & Internet) Exp 4 Years
- OFFICE ASST. (Female) : (Good knowledge - Excel, Mail & Word) Exp 02 Years Min.
- SALES EXECUTIVE Exp. 4 Years
- SALES REPRESENTATIVES Exp. 2 Years
- ELECTRICIANS Exp. 2 Years
- ELECTRONICS MECHANICS Exp. 3 Years

Apply within 7 days along with complete BIO Data to : E-Mail : ssengg229@gmail.com
SAI SPACE
Working Place : Jamshedpur / Kolkata

शैक्षणिक EDUCATIONAL
DIRECT ADMISSION
B.PHARM Duration : 04 Years
D.PHARM Duration : 02 Years
Session : 2026-2027
Eligibility : 10+2 PCB / PCM
Recognised by : Pharmacy Council of India (PCI) Govt. of India
Approved by : Kolhan University Chaibasa Govt. of Jharkhand
-: Admin Office :-
उषा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
Main Road Adityapur, Anand Bhawan, Shere Punjab Chowk, Adityapur
9334635208, 9110935831

WANTED TEACHERS
PHY. | CHEM. | BIO. | ACCOUNTS
(Std.- XI - XII)
Candidates may send Resumes to this Whatsapp No:-
9431302297
SCPI Academy
117A, New Baradwari, Sakchi, Jamshedpur

Target the Right Customer for u
Classified

मेडिकल MEDICAL

गुप्त एवं यौन रोग
जब है समाधान... क्यों है परेशान ?
जीवन ज्योति® हेल्थ क्लीनिक
विगत 40 वर्षों से सफलतापूर्वक गुप्त एवं यौन रोगों का आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक मशीनों के द्वारा जाँच एवं आयुर्वेदिक और युनानी पद्धति द्वारा सम्पूर्ण इलाज
पुरूष शक्ति, धातु रोग, स्वपन दोष शीघ्र पतन, नपुंसकता, कमजोरी सिफलिस, सुजाक, बांझपन आदि।
जमशेदपुर : प्रत्येक माह 8 से 20
न्यु कालीमाटी रोड, गणगौर स्वीट्स के पीछे साकची, जमशेदपुर
9835551212, 9431113166

जमीन-जायदाद REAL ESTATE

रांची में टैगोर हिल के पास 5 डेसिमल जनरल प्लॉट बिक्री हेतु उपलब्ध है. संपर्क करें : 8434178582.
C-20586(RNC)

खरीद-बिक्री SALE & PURCHASE

(1) 3 BHK Flat, Shantihari Tower, Bistupur (2) 1000 sqft., Office Space Aditya Tower, Bistupur Main Road. Contact - 9431112733, 9031389939
C-25940(JSR)

क्या आपको अपने लड़के-लड़की हेतु योग्य 'जीवनसाथी' की तलाश है ?
प्रभात खबर क्लासिफाइड
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें :
7631022241 / 8210378468

स्कूल में निकला सांप, अफरा-तफरी

गम्हरिया. गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत बुरूडीह पंचायत स्थित नव प्राथमिक विद्यालय शिवपुर परिसर में मंगलवार सुबह सांप निकलने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गयी. सांप को देख वहां के बच्चे व शिक्षक भयभीत हो गये. सांप के मुंह में एक मेढ़क था, जिसके कारण वह आक्रामक नहीं दिख रहा था. इसके बावजूद बच्चे डरे हुए थे व वहां से दूर हट गये. सूचना पाकर पहुंचे ग्रामीणों ने सावधानी बरतते हुए सांप को पकड़कर गांव से दूर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया.

पार्षद ने ट्रांसफॉर्मर का किया उद्घाटन

गम्हरिया. आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड संख्या छह अंतर्गत बड़ा गम्हरिया बागानपाड़ा में पार्षद धनंजय गुप्ता ने 200 केवी क्षमता वाले नए ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया. ट्रांसफॉर्मर के चालू होने से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ हो गयी तथा करीब 60 उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज और बार-बार बिजली बाधित होने की समस्या से राहत मिली.

डकैती का फरार आरोपी गिरफ्तार

गम्हरिया. कांड्रा थाना पुलिस ने वर्ष 2022 में हुई डकैती की एक पुरानी घटना के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. पुलिस की कार्रवाई से लंबे समय से लंबित इस मामले में महत्वपूर्ण सफलता मिली है. थाना प्रभारी विनोद कुमार मुर्मू ने बताया कि अमर प्रमाणिक उर्फ यमराज वर्ष 2022 में तत्कालीन नीलाचल कंपनी (वर्तमान ओसीएल कंपनी) में हुई डकैती कांड का आरोपी है. घटना के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था. पुलिस को गुप्त सूचना मिलने पर उसे गिरफ्तार किया गया.

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
शेपिंग दी फ्यूचर

MAK® लुब्रिकेंट्स डिस्ट्रीब्यूटरशिप हेतु नियुक्ति सूचना

भारत पेट्रोलियम एक फॉर्च्यून 500 सूचीबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी है। हम **MAK® लुब्रिकेंट्स** के निर्माता हैं, जो देश के अग्रणी लुब्रिकेंट ब्रांडों में से एक है। **MAK® लुब्रिकेंट्स** को प्रमुख वाहन निर्माताओं द्वारा प्रमाणित किया गया है तथा जेन्युइन ऑयल्स के लिए प्रमुख OEMs (ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स) के साथ हमारी भागीदारी है।

हमारे उत्पादों की श्रृंखला में ऑटोमोटिव एवं औद्योगिक लुब्रिकेंट्स, ग्रीस, गियर ऑयल, ब्रेक फ्लूइड तथा कूलेंट्स शामिल हैं।

हम **प्राथमिक लुब्रिकेंट वितरक (PLD)** एवं **औद्योगिक लुब्रिकेंट वितरक (ILD)** नियुक्त करना चाहते हैं, ताकि **ओडिशा, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, नागालैंड, मिजोरम एवं मेघालय राज्यों** के बाजारों में व्यापक वितरण नेटवर्क विकसित किया जा सके। **विस्तृत विज्ञापन हमारी वेबसाइट www.bharatpetroleum.in→Tender→View Tender→New Tender→Date From (24/06/2026)→Due Date (16/07/2026)→Select Department: Lubricant – Distributorship→Choose a Tender Type: Press→Open File "Eastern Region Lubes Network Expansion 2026-27" पर उपलब्ध है।**

आवेदन-पत्र वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं, जिन्हें विधिवत भरकर निर्धारित शुल्क सहित वेबसाइट पर उल्लिखित संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों में जमा करना होगा।

यदि कोई संशोधन जारी किया जाता है, तो वह केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 16/07/2026, सायं 18:00 बजे।

संपर्क विवरण:

TM भुवनेश्वर: 8811092869, TM रांची: 7382626814, TM पटना: 9711448439, TM कोलकाता: 7086046809, TM गुवाहाटी: 8291140139

Bharatgas COOK FOOD. SERVE LOVE | MAK LUBRICANTS | Bharat Petroleum Aviation Service | Industrial & Commercial
Energising Lives, Energising Naya Bharat

TATA
TATA POWER

रजिस्टर्ड ऑफिस: बॉम्बे हाउस, 24 होमी मोदी स्ट्रीट, मुंबई–400 001
वेबसाइट: www.tatapower.com

सार्वजनिक सूचना

वित्त वर्ष 2024–25 के ट्रू–अप, वित्त वर्ष 2025–26 के लिए एपीआर और बिजनेस प्लान, वित्त वर्ष 2026–27 से वित्त वर्ष 2030–31 के लिए एमवाईटी याचिका पर आयोग के दिनांक 23 मार्च, 2026 के आदेश पर टीपीसीएल द्वारा प्रस्तुत पुनर्विचार याचिका पर विभिन्न हितधारकों से आमंत्रित आपत्तियां / टिप्पणियां।

टाटा पावर कंपनी लिमिटेड (टीपीसीएल) एक उत्पादन कंपनी है, जिसका प्लांट जोजोबेरा में स्थित है।

कंपनी ने आयोग के दिनांक 23 मार्च, 2026 के आदेश के जवाब में एक समीक्षा याचिका दायर की है।

1. समीक्षा याचिका की प्रति टीपीसीएल की वेबसाइट https://www.tatapower.com/regulatory/Regulatory-Files/jojobera-tab और आयोग की वेबसाइट www.jserc.org/tpcl.aspx से डाउनलोड की जा सकती है।
2. इस नोटिस के जारी होने के 2 सप्ताह के भीतर नीचे दिए गए संपर्क विवरण पर सुझाव / टिप्पणियाँ भेजी जा सकती हैं:
   सचिव
   झारखंड इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन
   प्रथम तल, झारखंड स्टेट हाउसिंग बोर्ड (पुराना मुख्यालय)
   हरमू हाउसिंग कॉलोनी, रांची – 834002, झारखंड
   ईमेल आइडी – info@jserc.org
   वेबसाइट – www.jserc.org
3. आपत्तियां अंग्रेजी या हिंदी में प्रस्तुत की जा सकती हैं। भेजने वाले को अपना पूरा नाम, डाक का पता, ई–मेल आईडी और टेलीफोन नंबर स्पष्ट रूप से लिखना चाहिए। यह भी उल्लेख किया जाना चाहिए कि क्या आपत्ति किसी संगठन, उपभोक्ता या उपभोक्ता समूह की ओर से दायर की जा रही है।

श्री दिलीप कुमार
हेड– रेगुलेटरी (ईआर)

अज्ञात बीमारी से सैकड़ों मछलियां मरीं

पटमदा. पटमदा की लच्छीपुर पंचायत के बानतोड़िया गांव निवासी किसान कमला कांत मुर्मू के श्रीरामपुर स्थित रैयती तालाब में पिछले कुछ दिनों से लगातार मछलियां मर रही हैं. सोमवार को अंबुबाची के अवसर पर जब कमला कांत मछली पकड़ने तालाब पहुंचे, तब उन्हें पानी में मरीं मछलियां दिखीं. तालाब सुनसान जगह पर होने के कारण इस घटना का पहले पता नहीं चल सका.

SBI भारतीय स्टेट बैंक
एसबीआई गृह ऋण केन्द्र, जमशेदपुर
प्रथम तल, जमशेदपुर शाखा भवन, बिष्टुपुर, जमशेदपुर–831001

वाहन की बिक्री (दिनांक: 10.07.2026) नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

भारतीय स्टेट बैंक ने हमारी शाखा के ऋण खाते में हाइपोथेकेशन समझौते के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित वाहनों को बैंक के बकाया की वसूली के लिए **''जैसा है जहां है'', ''जैसा है जो है'', ''जो कुछ भी है''** के आधार पर बेचने के अधिकार के साथ अपने कब्जे में ले लिया है।

क्र.सं.	कर्जदार का नाम	निर्माता	मॉडल	रजिस्ट्रेशन वर्ष	रजिस्ट्रेशन सं.	आरक्षित मूल्य (रु.)
01	श्री सुरज कुमार साहा	HONDA CARS INDIA LTD.	Car Honda Amaze 1.2 VXMT (I-VTEC)	2023	JH-05-DL-1664	रु. 4,50,000.00
02	श्री ललित कुमार राणा	KIA INDIA PVT. LTD.	KIA Carens G 1.5 GMT Prestige 07	2025	JH-05-DZ-0115	रु. 9,73,000.00
03	श्री नरेश कुमार जैन	MARUTI INDIA LTD.	Maruti ECCO 5 Star AC	2024	JH-05-DQ-1029	रु. 3,80,000.00
04	श्री ध्रुब प्रसाद सिंह	MG MOTOR INDIA PVT. LTD.	MG Astor ZS VTI-Tech MT Sharp	2023 Nov.	JH-22-H-9100	रु. 5,92,000.00

ई–नीलामी के नियम एवं शर्तें:

1. **ई–नीलामी की तिथि : 10.07.2026 (शुक्रवार), समय : 360 मिनट सुबह 11:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनट के विस्तार के साथ।**
2. ई–नीलामी, पोर्टल / वेबसाइट : **https://baanknet.com** के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
3. बोलीदाताओं को अपने मोबाइल सं. एवं ईमेल–आईडी का उपयोग करके इस पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। इसके अलावा, उन्हें अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज अपलोड करना होगा जो सत्यापित हो जाते हैं (2 कार्य दिवस लग सकते हैं), तो बोलीदाताओं को समय पर ईएमडी राशि एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी वॉलेट में स्थानांतरित करनी होगी।
4. सफल बोलीदाता को पहले से भुगतान की गई ईएमडी को समायोजित करने के बाद, तुरंत यानी उसी दिन या अगले कार्य दिवस से पहले, बिक्री मूल्य का 10% जमा करना होगा। बिक्री मूल्य का शेष 90% बिक्री की पुष्टि के 15वें दिन या उससे पहले देय होगा।
5. किसी भी आवेदन को या पूरी नीलामी प्रक्रिया को निरस्त या अस्वीकृत करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित रहेगा।
6. संपत्ति / वाहन संबंधी पूछताछ / सत्यापन के लिए मोबाईल सं. **6201611450, 9546297143** पर संपर्क करें, संपर्क का समय : **सुबह 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे के मध्य** बोलीदाताओं से अनुरोध है कि एसबीआई जमशेदपुर मुख्य शाखा, बिष्टुपुर के परिसर में कार्यालय समय के दौरान ई–नीलामी से पहले व्यक्तिगत रूप से संपत्ति / वाहन का सत्यापन कर लें।
7. बैंक द्वारा बिक्री प्रमाणपत्र जारी करने के बाद जीएसटी, वाहन पंजीकरण शुल्क / खर्च स्वयं सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।

दिनांक : 23.06.2026, स्थान : जमशेदपुर
प्रकाशन में किसी भी प्रकार के त्रुटि के लिए बैंक जिम्मेवार नहीं होगा।
ह०/– (प्राधिकृत अधिकारी)
भारतीय स्टेट बैंक, गृह ऋण केन्द्र जमशेदपुर

बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra
एक परिवार एक बैंक
अंचल कार्यालय-राँची, निदान बिल्डिंग, करमटोली रोड, राँची–834001

किराए/पट्टे पर शाखा परिसर की आवश्यकता

बैंक ऑफ महाराष्ट्र को पट्टे के आधार पर नई शाखा खोलने एवं एटीएम की स्थापना के लिए उपयुक्त अग्रभाग और पर्याप्त पार्किंग स्थान के साथ ग्राउंड फ्लोर पर उपयुक्त परिसर की आवश्यकता है। परिसर की आवश्यकता इस प्रकार है :

क्रम सं.	राज्य	शाखा परिसर	स्थान की आवश्कयता
1.	झारखंड	हीरापूर, धनबाद	1210-1550 वर्गफीट

परिसर का निर्माण सरकारी नियमों के अंतर्गत किया जाना चाहिए और इसके वाणिज्यिक उपयोग की अनुमति संबंधित विभाग से प्राप्त होनी चाहिए। परिसर में बैंक की आवश्यकताओं और विशिष्टताओं के अनुसार पर्याप्त पावर लोड एवं संरचनात्मक आवश्यकताओं का प्रावधान होना चाहिए। परिसर उपभोग के लिए तैयार होना चाहिए या इसे बैंक को आवश्यकताओं के अनुसार 10-15 दिन के भीतर तैयार होना चाहिए। इच्छुक व्यक्ति/पार्टी, जो संबंधित परिसर पर स्पष्ट स्वामित्व/मालिकाना हक रखते हों, अपने प्रस्ताव दो अलग-अलग सीलबंद लिफाफों के ऊपर 'तकनीकी प्रस्ताव' और 'वाणिज्यिक प्रस्ताव' का उल्लेख करते हुए क्रमशः 'तकनीकी प्रस्ताव' और 'वाणिज्यिक प्रस्ताव' के लिए बैंक की निर्धारित प्रारूप में **दिनांक 07/07/2026 को सायं 5.00 बजे तक अंचल प्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, रांची अंचल कार्यालय, निदान बिल्डिंग, करमटोली रोड, रांची- 834001** को प्रस्तुत करें। इन प्रारूपों को कार्यालय समय के दौरान अंचल कार्यालय, रांची या अन्य नजदीकी शाखा से प्राप्त किया जा सकता है। इसे बैंक की वेबसाईट https://bankofmaharashtra.bank.in के निविदा खंड के अंतर्गत इस निविदा विज्ञापन के साथ डाउनलोड किया जा सकता है। बैंक बिना कारण बताए किसी भी/सभी प्रस्ताव को रद्द/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अपूर्ण व विलंब से प्राप्त प्रस्तावों और मालिक के अलावा किसी अन्य व्यक्ति/पार्टी द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। बैंक द्वारा किसी भी प्रकार का ब्रोकरेज नहीं दिया जाएगा।

अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे संपर्क करें- ई-मेल आईडी : gad_rnc@bankofmaharashtra.bank.in मो. नं. 9955924726, 9630785957, 9049724477

दिनांक :24.06.2026
स्थान : रांची

अंचल प्रबंधक
बैंक ऑफ महाराष्ट्र, रांची अंचल

सूचना

पाठकों से यह अनुरोध है कि किसी भी पृष्ठों पर छपे विज्ञापनों से संबंधित पैसे का लेन-देन या किसी भी एकाउन्ट में पैसे ट्रांसफर करने से पहले स्वयं तथ्यों की जांच-परख कर लें. **क्योंकि नौकरी, व्यापार मोबाईल टावर, मनोरंजन, लोन एवं फाईनेंस के नाम पर कुछ लोग धोखाधड़ी एवं ठगी का कारोबार चला रहे हैं,** इसके लिए अखबार प्रबंधन जिम्मेवार नहीं होगा.
विज्ञापन प्रबंधक

प्रभात खबर क्लासिफाइड 24/06/2026
Booking Centers

JUGSALAI : SANDEEP : Near Taparia Complex, Jugsalai, Jamshedpur. 9308876660. **AWADH NARAYAN SINGH :** Near Ghora Chowk, Jugsalai. 9431523975. **BARIDIH : ABHISHEK MISHRA :** 3, Rajenderpath, Patna Line Baridih Basti, Baridih, Jamshedpur. 9608457873. **MANGO : ASHIT KUMAR :** Forest Colony, Mango, Jamshedpur. 9234224492. **SUNIL KUMAR :** Dimna Chowk, Saraswati Book Center, MGM Medical College Road, Mango, Jamshedpur. 9939308059. **BISTUPUR : ICON DESIGNING & ADVERTISING :** Bari Mainson, 1st Floor, Bistupur, Jamshedpur. 9204621121. **SAKCHI : MONICA EVENTS :** Aastha City Centre, Sakchi. 7004730285. **ANNANT SERVICES & STORES PVT LTD :** 135, Sanjay Road, Sakchi. 08797177949. **ADITYAPUR : NITU PANDEY :** Pandey Sadan, Sher-E-Punjab, Adityapur, Jamshedpur. 9304002681. **TELCO : SHRI RAM AD AGENCY :** 9204339866. **SONARI : BINA KUMARI :** Elite Consultancy, G4 Gautam Mahisa Appartment, Sonari. 6206050307. **GOLMURI : VINAY KUMAR :** Salomi Colony, 03, Zone-07, Birsanagar. 9570020976.